सरकारी दरों पर सफल इलाज
आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS / CGHS / TPA
कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज
पंजीकरण के समय आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अवश्य लाएं
*T&C Apply
दवाओं की खरीद पर 10% तक की छूट
मात्र 4 घंटे में CT Scan और MRI की रिपोर्ट प्राप्त करें

| | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|
| X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/- अतिरिक्त देय होगा
एंडोस्कोपी : ₹2,500/-
कोलोनोस्कोपी : ₹5,500/-
ब्रोंकोस्कोपी : ₹7,000/-
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी सर्जनों के साथ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध
नारायना हॉस्पिटल
सुपर स्पेशियालिटी – 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
(इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
द्वारा आयोजित
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
01 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श
अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
नेफ्रोलॉजी विभाग (किडनी रोग विशेषज्ञ)
• किडनी की सभी बीमारियों का उपचार
• डायलिसिस की सुविधा
• किडनी फेल्योर एवं हाई ब्लड प्रेशर का प्रबंधन
यूरोलॉजी विभाग
• पथरी (किडनी/मूत्राशय) का इलाज
• प्रोस्टेट की समस्या का उपचार
• मूत्र संबंधी सभी रोगों की सर्जरी एवं इलाज
न्यूरोलॉजी विभाग
• मस्तिष्क एवं नसों के रोगों का उपचार
• स्ट्रोक, मिर्गी (Epilepsy), माइग्रेन का इलाज
• लकवा (Paralysis) एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की
24x7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोपसी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.
24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त
फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें 7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

## न्यूज ब्रीफ

### 9 ने किया रक्तदान

**कन्नौज।** शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में स्वयंसेवी संस्था मानव सेवा समिति का 11 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। इसमें 9 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। सोमवार को आयोजित हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में संस्था के वरिष्ठ सदस्य अरुण कुमार गुप्ता, मोहम्मद शान उर्फ सानू, पंकज कुमार, सुनील राठौर, आयुष, दुर्गेश, सोनू एवं मिंटू सक्सेना के साथ ही मुख्य अतिथि ने रक्तदान किया।

### दिल का दौरा पड़ने से शिक्षिका का निधन

**सौरिख।** दिल का दौरा पड़ने से जनपद सिद्धार्थनगर में तैनात सौरिख निवासी शिक्षिका का निधन हो गया। जनपद कन्नौज के बहादुरपुर गांव निवासी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के भतीजे अमित कुमार उर्फ मोनू की पत्नी सपना (35) जनपद सिद्धार्थनगर में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल में सहयाक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थीं। सोमवार की सुबह वह स्कूल जाने के लिए तैयार हुईं। तभी उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। पति अमित उन्हें अस्पताल ले गए जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। देर शाम शव गांव पहुंचा।

# शिक्षा के मंदिर बन रहे 'अखाड़े' जिले की हो रही किरकिरी

अजय मिश्र, कन्नौज

- मानीमऊ, गुखरू, हैवतपुर कटरा, बहादुरपुर स्कूलों में भी हो चुके विवाद
- फिरोजपुर में चार्ज को लेकर फिर से सुर्खियों में बेसिक शिक्षा महकमा




सदर विकास खंड क्षेत्र का प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में संचालित कई शिक्षा के मंदिर अध्यापकों के लिए 'अखाड़े' का रूप ले चुके हैं। समस्याओं को लेकर अधिकारियों की ओर से समय पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिए जाते हैं जिस वजह से विवाद तूल पकड़ लेते हैं। इससे मारपीट व एफआईआर तक हो जाती है। पढ़ाई न होने से एक ओर तो बच्चों का भविष्य चौपट होता है दूसरी ओर जनपद की छवि भी धूमिल हो रही है।

विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर में तो शिक्षिकाओं के बीच 'दंगल' का वाक्या हाल का ही है। यहां प्रभारी प्रधानाध्यापक के चार्ज को लेकर 05 सालों से विवाद चल रहा था जिसकी सुधि बेसिक शिक्षा महकमे ने नहीं ली। अगर समय रहते सही निर्णय हो जाता तो विवाद न होता। विद्यालय परिसर में ही शिक्षिकाओं के बीच मारपीट तो हुई ही सहायक अध्यापक दीप्ति यादव का निलंबन भी हुआ। साथ ही उनके खिलाफ तिर्वा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हो गई। इससे पहले कन्नौज विकास खंड इलाके के कंपोजिट विद्यालय मानीमऊ में भी वरिष्ठता व कार्यभार लेने को लेकर कई महीनों तक विवाद चला। एडी बेसिक कानपुर कुछ वर्षों पहले जब निरीक्षण करने आए तो मामला सुर्खियों में आया। उसके बाद किसी तरह सर्वेश द्विवेदी को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया।

चर्चा है कि जब से एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक व जूनियर स्कूलों को कंपोजिट का दर्जा मिला तब से विवाद अधिक बढ़ गए हैं। कहा जा रहा है कि पहले प्राथमिक व जूनियर के प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक अलग-अलग होते थे लेकिन कंपोजिट होने से एक ही प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक को कमान सौंप दी गई। दूसरा शिक्षक उसके नीचे काम करने लगा, उसके बाद से ही मनभेद तेज हो गए। सदर ब्लॉक क्षेत्र के ही प्राथमिक स्कूल गुखरू में भी शिक्षक- शिक्षिकाओं के बीच विवाद खूब तूल पकड़ा। यहां देर से स्कूल आने व गोला मारने के मामले चर्चा में रहे। दो शिक्षकों को उस समय निलंबित किया गया।

### अब तक नहीं सुलटा दो प्रधानाध्यापक का मामला

कन्नौज के ही प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में प्रधानाध्यापक रामेंद्र पाल की तैनाती के बाद दूसरे प्रधानाध्यापक अमित को भेज दिए जाने से विवाद बढ़ गया। शिकायतें तहसील व बीएसए की चौखट तक पहुंचने लगीं। अब तक मामला नहीं सुलटा है। शासन से कागज– कागज 'खेला' जा रहा है। इससे पहले ठठिया के निकट स्थित बहादुरपुर प्राथमिक स्कूल में भी शिक्षक व शिक्षिका के बीच विवाद हुआ। पुलिस भी मौके पर पहुंची। किसी तरह मामला बीएसए, सीओ व बीईओ की मौजूदगी में निपटा। यहां भी अध्यापक अरुण का निलंबन हुआ। उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के ही प्राथमिक स्कूल गाजीपुर्वा में भी शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक संतराम राजपूत पर कई आरोप जड़े थे। उसके बाद बीईओ सदर आदि की टीम जांच करने गई थी। यह विद्यालय तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत का गोद लिया भी है।



किसान को खतौनी देते एसडीएम व तहसीलदार। अमृत विचार

# खतौनी की विसंगति दूर किसान को मिली राहत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अल्हनापुर के एक किसान की लंबे समय से चली आ रही राजस्व संबंधी समस्या का समाधान हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व ग्राम अल्हनापुर के राजस्व अभिलेखों में व्याप्त विसंगति के सुधार हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं तहसीलदार अवनीश कुमार ने तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। राजस्व टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अभिलेखों में सुधार किया और प्रार्थी को उसकी संशोधित खतौनी प्रदान कर दी।

# बिहार से आई हूं हमारा नाती दिला दो, दामाद ने छीना

## तहसील में महिला फूट- फूटकर रोई, चूड़ियां भी तोड़ीं, दुर्जनापुर में है बेटी की ससुराल, पति ने बच्चा लेकर मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



तहसील सभागार से समझाकर फूलमती को बाहर ले जाता दरोगा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील व थाना में संपूर्ण समाधान दिवस इसलिए आयोजित होते हैं कि पीड़ितों को राहत मिल सके, लेकिन सोमवार को सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में महिला अपने नाती को दिलाने की समस्या को लेकर खूब रोई। परिसर में ही वह लेट गई। चूड़ियां भी तोड़ दीं। यह दृश्य देखकर वहां भीड़ लग गई। घटनाक्रम करीब 30 मिनट तक चला।

बिहार के भगवा के थाना भगवानपुर इलाके के मसई गांव निवासी फूलमती पत्नी हीरामन ने बताया कि बेटी दुर्गा देवी का ब्याह कन्नौज जनपद के दुर्जनापुर गांव निवासी रामकुमार वर्मा के साथ हुआ है। 20 मार्च को रामकुमार ने परिवार व अन्य लोगों के साथ बेटी से मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही दुर्गा के नाबालिग बेटे दीपक को भी ले लिया। फूलमती ने बताया कि कानूनन नाबालिग बच्चों को मां के पास ही रहने का अधिकार होता है। आरोप है कि रामकुमार ने जमीन भी बिक्री कर दी है। फूलमती ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग रखी। साथ ही दीपक को भी वापस दिलाने की गुहार लगई। उसने बताया कि इससे पहले 20 मार्च को मानीमऊ पुलिस चौकी को भी प्रार्थना पत्र दिया था। अब तक कोई राहत नहीं मिली। आरोप लगाया कि अब पुलिस 10 हजार रुपये मांग रही है। उसके बाद ही बेटा को ढूंढने की बात कह रही है।

### दोबारा सभागार पहुंचने पर पुलिस ने शांत कराया

**कन्नौज।** फूलमती पहले तहसील सदर सभागार में पहुंची। वहां एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिया और प्रार्थना पत्र ले लिया। इसके बाद वह जोर– जोर से रोने लगी और बाहर निकल आई। पेड़ के निकट ही लेट गई। जमीन पर इधर– उधर लेटकर खूब रोने लगी। इस पर काफी लोग एकत्र हो गए। इसके बाद ही फूलमती ने कार्रवाई न होने की बात कहकर चूड़ियां तोड़नी शुरू कर दीं। कुछ देर बाद वह दोबारा सभागार की ओर गई और चिल्लाने लगी। एक दरोगा ने बाहर आकर उसको समझाया। नायब तहसीलदार भी बाहर आए। कुर्सी पर बैठाया और कोतवाली चलने का आश्वासन दिया। फूलमती ने बताया कि वह बिना बेटे को लिए वापस नहीं जाएगी। समाधान दिवस में एएसपी अजय कुमार व एसडीएम सदर वैशाली मौजूद रहीं।

# सीवर टैंक में गिरने से बच्चे की मौत

**कन्नौज।** मोहल्ले में खेल रहा बच्चा सीवर के खुले टैंक में जा गिरा। उसे जब तक निकाला जाता तब तक मौत हो चुकी थी। सोमवार की सुबह अहद (5) पुत्र मुस्तकीम निवासी सरायमीरा स्थित अपने मोहल्ले में खेल रहा था। इसी दौरान पास में ही स्थित मधु यादव के प्लाट पर बने सीवर टैंक में गिर गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद कुछ लोगों ने सीवर टैंक में झांककर देखा तो बच्चा वहां अचेत पड़ा था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बच्चे के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। उधर घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।

# शराब ठेके के सेल्समैन ने फंदा लगाकर जान दी

**तिर्वा।** शराब ठेके के सेल्समैन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी अमन (25) पुत्र दीनदयाल सिंह तिर्वा कस्बा में शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम देखता है। अमन कस्बा के अशोक नगर में किराए पर कमरा ले कर अकेला रह रहा था। सोमवार की दोपहर तक दुकान पर नहीं आया तो वहां काम कर रहे अन्य कर्मियों ने फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। कई बार मोबाइल की घंटी जाने के बाद जब फोन नहीं उठा तो उसके कमरे पर जाकर पता किया तो दरवाजा बंद मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा अमन को फंदे पर लटका था। पुलिस उसे उतारकर मेडिकल कालेज ले गई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# लोहिया के विचारों पर चलने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सपाइयों ने लोहिया क्रासिंग पर मूर्ति पर साफ सफाई के बाद किया माल्यार्पण

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती पर समाजवादी पार्टी के लोग मानपुर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क पहुंचे। इसके बाद लोहिया क्रॉसिंग पर साफ सफाई कर लोहिया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। पी. पी. सिंह बघेल की अध्यक्षता मं हुई गोष्ठी में सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर लोहिया पार्क की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि पार्क के मुख्य गेट पर लगा बोर्ड और बेंचें टूट चुकी हैं। साफ सफाई नहीं होने से पूरे पार्क में गंदगी फैली है। पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे ने कहा कि लोहिया जी का सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और सभी को रोजी-रोटी मिले। सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कहा, आज हम सब समाजवादी संकल्प लेकर जाएं कि आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी विचारधारा को और समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। सलोवा जिलाध्यक्ष अंशु पाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख इन्द्रेश यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख रजनीकांत यादव, चंद्रभान दोहरे, आशीष यादव, नितिन यादव, तुफैल अहमद, सौरभ कुशवाहा, अमन खान, बंटी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



जयंती पर डॉ. राममनोहर लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण करते सपाई। अमृत विचार

**बदला मौसम** | तापमान पर ज्यादा असर नहीं, 26-27 को बूंदाबांदी की संभावना

# एक दिन खुलने के बाद फिर बादलों का डेरा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मौसम में पल पल का बदलाव जारी है। एक दिन खुलने के बाद फिर से बदल गया और आसमान में दिन भर बादलों का डेरा बना रहा। हालांकि बीच-बीच में धूप के भी दर्शन होते रहे। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई और सर्द हवाएं भी चलती रहीं। बादलों के रहने से तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ा।



सोमवार की शाम चार बजे के करीब बादलों से घिरा आसमान। अमृत विचार

सोमवार को एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही हल्के बादल छाए रहे। कुछ देर बाद सूरज की किरणें नजर आईं लेकिन पल भर में ओझल हो गईं। यह क्रम लगभद दिन भर चलता रहा। बादल इतने घने रहे कि कई बार लगा कि बारिश हो ही जाएगी लेकिन हवा चलने से बादल निकलते रहे। दोपहर दो बजे के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई जो चंद मिनटों में थम गई लेकिन फिर भी बादल लगातार छाए रहे। इससे कड़ी धूप से लोगों ने राहत महसूस की। इससे पहले रविवार को मौसम खुला रहा था जबकि एक दिन पहले बादल और उससे पहले बूंदाबांदी व रिमझिम बारिश ने तापमान पर खासा असर डाला था। इससे लोगों को दोबारा सर्दी का अहसास हुआ था।

समाचार लिखे जाने तक भी बादल छाए हुए हैं। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 27 जबकि न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा है। बादलों के कारण तापमान पर खास असर नहीं पड़ा। जानकारी दी कि पिछले दिनों उत्पन्न पश्चिम विक्षोभ के कारण दो दिन पहले कोहरे की स्थिति उत्पन्न हुई थी। एक दिन धूप निकलने के दौरान भी वातावरण में नमी थी जिसके कारण शाम के समय हल्का कोहरा हो गया जो अगले दिन यानी सोमवार को बादलों की शक्ल में सामने आया। इस कारण में जनपद में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई है। इसके साथ ही 13-14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं भी चलती रहीं। कूल है। इसके साथ ही जिन किसानों ने खेतों से आलू की खुदाई नहीं कर पाई है उनके लिए भी राहत भरा है। बताया कि आगामी 26 और 27 मार्च को जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

# गार्डों की मौजूदगी में पेट्रोल और साइकिल हो गई चोरी

**छिबरामऊ।** सौ शैय्या अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अस्पताल परिसर में तैनात सुरक्षा गार्डों की नाक के नीचे से चोरों ने एक ही रात में दो वारदातों को अंजाम देकर प्रशासन को खुली चुनौती दी है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है।

गोपाल नगर निवासी आशिक रविवार रात अपनी मौसी से मिलने अस्पताल आए थे। उन्होंने इमरजेंसी गेट के पास अपनी बाइक खड़ी की थी जहाँ 24 घंटे गार्ड तैनात रहते हैं। सुबह देखा तो बाइक का पाइप काटकर टंकी से सारा पेट्रोल साफ कर दिया गया था। इसी रात अस्पताल परिसर के अंदर से एक साइकिल भी चोरी हो गई जिससे तीमारदारों में हड़कंप मच गया। अस्पताल के इमरजेंसी गेट जैसे संवेदनशील स्थान पर चोरी होना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

# 7101 पर 16.78 करोड़ बकाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- ओटीएस में पंजीकरण कराने के बाद भी जमा नहीं कर रहे बिजली बिल का बकाया
- एक्सईएन बोले, मार्च में कर दें जमा वरना कटेगा बिजली कनेक्शन और मिलेगी आरसी

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना और आखिरी ही सप्ताह चल रहा है। ऐसे में प्रत्येक विभाग में लेखा जोखा क्लोजिंग का काम भी जोरों पर है। इसी तरह से बिजली विभाग की भी एकमुश्त समाधान योजना खत्म होने को है और सिरदर्द यह है कि 7101 उपभोक्ताओं पर 16.78 करोड़ रुपया बकाया है। खास यह बात है कि इन सबने योजना में पंजीकरण कराया था और अब बकाया जमा नहीं कर रहे।



मगन सिंह।

अधिशासी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष समापन की ओर है। ऐसे में फोकस है कि बकाया बिल जमा करा लिए जाएं। जिले के कुल 13 पावर हाउस से जुड़े 7101 उपभोक्ताओं पर बिजली का कुल 16 करोड़ 78 लाख रुपये बकाया है। इन सभी ने 2000 रुपये जमा कर एकमुश्त समाधान योजना में पंजीकरण कराया था। बावजूद इसके अब तक बकाया जमा नहीं किया है। जानकारी दी कि ठठिया पावर हाउस से जुड़े 1152 लोगों पर सर्वाधिक तीन करोड़ 20 हजार रुपये की बकाएदारी है। दूसरे स्थान पर तिर्वा पावर हाउस है जहां 1453 उपभोक्ताओं पर तीन करोड़ रुपये बिजली बिल बकाया है। जसपुरापुर पावर हाउस से जुड़े 281 लोगों पर सबसे कम 60 लाख रुपये की बकाएदारी है। इसी तरह से बहादुरपुर के 268 उपभोक्ताओं पर 84 लाख, मकरंदनगर पावर हाउस के 382 उपभोक्ताओं पर 75 लाख, पुलिस लाइन उपकेंद्र से जुड़े 75 लोगों पर 70 लाख, बेहरिन से जुड़े 343 लोगों पर 72 लाख, मतौली के 402 उपभोक्ताओ पर 81 लाख, मानपुर से जुड़े 626 लोगों पर दो करोड़, इंदरगढ़ उपकेंद्र के 604 उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 20 लाख रुपये, पट्टी करेड़ा उपकेंद्र से जुड़े 703 लोगों पर 1.65 करोड़ और मोचीपुर उपकेंद्र के 342 उपभोक्ताओं पर 71 लाख रुपये बिजली बिल बकाया है। एक्सईएन सोमवार को सभी उपकेंद्रों पर फोन कर बकाया राशि जमा कराने को लेकर सक्रिय प्रयास करने पर जोर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने ओटीएस में पंजीकरण कराया है वे 31 मार्च तक बकाया जमा कर दें। अन्यथा की स्थिति में उनके बिल में ब्याज की धनराशि जुड़ जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भक्तों ने स्कंदमाता का किया गुणगान

**छिबरामऊ।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन गुरुवार को मां स्कंदमाता के भक्तों ने सिद्धपीठ मां कालिकादेवी मन्दिर पहुंचकर मां दुर्गा की पांचवीं शक्ति मां स्कंदमाता की आराधना की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने मां के भवन पर पांचवीं अग्यारी लगा व्रत शुरू किया। नगर में देवी मंडपों में आयोजित किए जा रहे धार्मिक अनुष्ठानों में भक्तों ने भजन कीर्तन कर मां का गुणगान किया। सोमवार को सुबह से ही नगर के सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिकादेवी मन्दिर पर पूजा-अर्चना करने वालों की भीड़ लगने लगी। मन्दिर में पांचवे दिन सुबह से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले भक्तों ने मन्दिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने कहीं अकेले तो कहीं समूह में मां की पांचवी अगियारी लगाकर शारीरिक और मानसिक शक्तिदात्री मां स्कंदमाता की आराधना की। मां कालिकादेवी मन्दिर, गमादेवी मन्दिर सहित छोटे-बड़े मन्दिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बच्चों ने मन्दिर के बाहर सजी खेल-खिलौनों की दुकानों से जमकर खरीदारी की और महिलाओं ने व्रत रखकर समूह में पूजा कर मां के गीत गाए।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा

**गुरसहायगंज।** चौकी सराय प्रयाग प्रभारी रामकृपाल सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 22 मार्च की शाम करीब 04 .45 बजे पुलिस टीम के साथ हाईव किनारे स्थित गिहार बस्ती के सामने गस्त कर रहे थे। तभी सराय प्रयाग निवासी मोनू को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया।

### बच्चे व मां के साथ दबंगों ने की मारपीट

**छिबरामऊ।** मोहल्ला बिरतिया में घर के बाहर बैठे एक 10 वर्षीय बच्चे को पड़ोस के दबंगों ने गालीगलौज कर पीट दिया। बचाने आई मां के साथ भी अभद्रता और मारपीट की। राजीव जाटव की पत्नी प्रीती के अनुसार उनका पुत्र उत्तम सोमवार दोपहर अपने घर के दरवाजे पर बैठकर नमकीन खा रहा था। इसी दौरान पड़ोस के कुछ दबंग पहुंचे और बिना किसी कारण के गालियां देने लगे। विरोध करने पर बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसे शरीर पर चोटें आई हैं। वह उसे बचाने के लिए दौड़ीं तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है।

### 126 जोड़ों की शादी व निकाह कराए

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह हुआ। इसमें 124 हिंदू एवं 04 मुस्लिम जोड़े शामिल हुए। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की सराहनीय एवं जनकल्याणकारी पहल है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों के विवाह का अवसर प्रदान करती है। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कहा कि शासन की मंशा के तहत प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पहुंचाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि कुल 126 जोड़ों की शादी व निकाह हुए हैं। प्रति जोड़ा पर एक लाख रुपये खर्च करने का बजट होता है।

### खेत में ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद, दो किशोरों को पीटा


**अमृतपुर।** थाना क्षेत्र में सरसों के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में दो किशोरों को पीटकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायल किशोरों को राजेपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना अमृतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। गांव निवासी अनमोल (16) और अभिषेक (14) के सरसों के खेत से गांव के ही चार लोगों ने ट्रैक्टर निकाल दिया। जब दोनों किशोरों ने इसका विरोध किया, तो कथित तौर पर चारों ग्रामीणों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में अनमोल और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। वहां डॉक्टर प्रमित राजपूत ने दोनों किशोरों का मेडिकल परीक्षण किया और उनकी हालत गंभीर बताई है।

# एक्सपोजर विजिट में जिले से दो का चयन, बेटी को परिजनों ने नहीं भेजा

## सदर विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल बेहरिन की कक्षा सात की छात्रा प्रिया नहीं जा सकी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद से एक छात्र व एक छात्रा का चयन एक्सपोजर विजिट में अहमदाबाद व गांधीनगर के लिए हो गया। इसका पूरा खर्च बेसिक शिक्षा महकमा उठा रहा है। बस व जहाज की यात्रा बच्चों को कराई जा रही है। हालांकि छात्रा के परिजन उसे भेजने के लिए राजी नहीं हुए। इससे उसका मनोबल टूट गया।


प्रधानाध्यापक आशीष मिश्रा ने चयनित छात्र रंजीत को माला पहनाकर विदा किया।

एक्सपोजर विजिट चार दिन और तीन रात का है। जारी हुए पत्र के मुताबिक पहले चयनित बच्चों को 23 मार्च को शाम बजे तक कानपुर पहुंचना था। वहां से बस से उनको दिल्ली भेजा गया। 24 तारीख यानि आज सुबह आठ बजे से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने के बाद साढ़े 11 बजे वहां से अहमदाबाद के लिए निकलना है। 25 मार्च को एजूकेशन सिटी टूर, 26 को साइंस व कल्चरल एक्सप्लोरेशन और 27 को वापस कानपुर आना। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि विकास खंड जलालाबाद इलाके के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा से कक्षा आठ के छात्र रंजीत कुमार व सदर ब्लॉक क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट स्कूल बेहरिन से कक्षा सात की छात्रा प्रिया का चयन हुआ। यह जिले के लिए गौरव की बात है। उधर, प्रिया के अभिभावकों ने उसे एक्सपोजर विजिट में नहीं भेजा। उसके पिता अखिलेश कुमार ने बताया कि कोई साथ में जाने के लिए नहीं था, इसिलए नहीं भेज सका। बताया जा रहा है कि प्रिया के परिजन चाहते थे कि स्कूल का कोई शिक्षक साथ जाए या परिवार के किसी सदस्य को भेजा जाए। इसका पूरा खर्च भी विभाग उठाए। हालांकि परिजनों के इनकार करने के बाद बीएसए व बीईओ सदर मधुलिका बाजपेयी ने अखिलेश से फोन पर बात की। बेहरिन की प्रभारी प्रधानाध्यापक से भी कहा कि परिजनों को राजी करें, लेकिन वह नहीं माने।

### माला पहनाकर रंजीत को विदा किया

**जलालाबाद।** शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में ज्ञान अनुभव एवं कौशल की वृद्धि होती है। यह बात राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट के लिए छात्र को रवाना करते हुए प्रधानाध्यापक आशीष मिश्र ने कही। सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के छात्र रंजीत कुमार को माला पहनाकर विदाई दी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह गौरव के क्षण है। रंजीत की मौसी का कहना है कि उन्होंने बच्चे को भेज दिया है।

# समाधान दिवस: 141 शिकायतों में 18 का ही हो सका निपटारा

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जनता की फरियादें सुनीं। विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 141 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 18 का ही निस्तारण किया जा सका।

संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनने और उनका समयबद्ध निस्तारण करने का आदेश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का एक सप्ताह में अनिवार्य निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता पर उच्च गुणवत्ता से निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम व एसपी अमृत विचार

### ग्राम प्रधान पर लाखों के घोटाले का आरोप

**छिबरामऊ।** सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर ग्रामीण बीर सिंह पुत्र रामसनेही ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों पर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाया है। आरोप है कि पिछले 5 वर्षों में ग्राम प्रधान और विकास खंड के अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। प्रार्थना पत्र में रिबोर कार्यों और उन पर हुए खर्च का विवरण, गांव में लगाई गई लाइटों की संख्या और उनके स्थानों की पारदर्शिता, गलियों में इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में बरती गई कथित अनियमितता आदि बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की गई है। जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# किशोरी को फुसलाकर शादी कराने का आरोप

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** सकरावा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया और बाद में जबरन शादी करा दी गई।

सकरावा के एक गांव की महिला की 13 वर्षीय पुत्री 3 जनवरी को लकड़ी लेने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटी। बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति उसे अपने साथ ले गया है। आरोप लगाया है कि कुलदीप निवासी प्रांत पंजाब जो एक कंबाइन मशीन पर ड्राइवर का काम करता है, उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ पंजाब ले गया। वहां जबरन शादी करा दी गई। यह भी आरोप है कि जब उसने थाने में शिकायत दी तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद कुछ लोगों ने बेटी से मिलाने के बहाने परिवार के सदस्य को बाहर ले जाकर उसके साथ मारपीट की और धमकाया। पीड़िता ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप: तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव से दलित किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। मां के अनुसार, सुल्तानापुर गांव निवासी एक युवक अपने एक साथी के साथ उसकी नाबालिग बेटी को फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब वह शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंची, तो सोमवार दोपहर परिजनों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं।

# चौकी इंचार्ज ने झूठी रिपोर्ट लिखी तो अनशन पर बैठे भाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** चौकी इंचार्ज की ओर से झूठी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आपत्ति जताई तो सुनवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर सगे भाई कलेक्ट्रेट पहुंचकर अनशन पर पहुंच गए। यह जानकर पहुंचीं अतिरिक्त एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

मामला ठठिया थाना क्षेत्र के मुचुआपुर गांव का बताया जा रहा है। सोमवार को सगे बाई एवन अली और शहनूर अली पुत्रगण अजमेर अली कलक्ट्रेट परिसर में बरगद के पेड़ पर बैनर टांगकर अनशन पर बैठ गए। जानकारी की तो बताया कि वे पंजाब प्रांत के फरीदकोट में रहकर काम करते हैं। गांव के एक परिवार के लोग उनसे रंजिश रखते हैं और चौकी इंचार्ज से साठगांठ करके उन पर मारपीट की झूठी रिपोर्ट लिखा दी।


भाइयों की समस्या सुनतीं एसडीएम नवनीता राय। अमृत विचार

कहा कि जिस दिन और समय की घटना बताई गई है, उस समय वे फरीदकोट, पंजाब में थे। इसके सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास हैं जो चौकी इंचार्ज को दिखाने की कोशिश की थी। आरोप है कि उन्होंने न तो वीडियो देखा और न ही उनकी बात सुनने को तैयार हुए। इधर, अनशन की जानकारी पर पहुंचीं एसडीएम नवनीता राय ने उनसे बात कर समस्या जानी और समाधान कराने का भरोसा दिलाया।

# पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने महिला से गालीगलौज की और पति ने तीन तलाक देकर बच्चे के साथ घर से निकाल दिया।

ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी रूखसार पुत्री जमील ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी थाना तिर्वा के अहेर ग्राम बज्जापुर निवासी इमरान के साथ हुई थी। उसके तीन वर्ष का पुत्र है। शादी के बाद से ही पति इमरान, सास नूरजहां, ससुर नसीम हाफिज, ननद महक, जेठानी रेशमा ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मांग पूरी न होने पर पति ने तीन तलाक देकर उसे बच्चे के साथ बेघर कर दिया और न्यायालय से मुकदमा भी कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**पैसे मांगने पर महिला से मारपीट, मोबाइल छीना :सौरिख।** थाना सौरिख क्षेत्र में पैसे मांगने को लेकर विवाद मे महिला के साथ गालीगलौज, मारपीट की गई और मोबाइल फोन भी छीन लिया गया।राजापुर निवासी सुहाना राजपूत पत्नी शेर सिंह ने थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 मार्च को वह अपने पैसे मांगने नगरिया तालपार गई थी। शाम करीब 4:30 बजे वहां मौजूद शिल्पी, रियाज, राजीव व उनके साथियों ने गालीगलौज करना शुरू कर दिया। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जांच की जा रही है।

# तंबाकू गोदाम जाते समय महिला श्रमिक पर टकोरे से किया हमला

- लोगों ने हमलावर को पुलिस के किया सुपुर्द,पुलिस कर रही जांच

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** महिला श्रमिक पर सोमवार सुबह कुल्हाड़ी से हमला किया गया। रेलवे स्टेशन के पास हुई इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। राहगीरों ने हमलावर को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया।

पीडि़ता कोतवाली क्षेत्र के गांव रूटोल निवासी 37 वर्षीय रेखा पत्नी मनोज कोरी 'काका छाप' तंबाकू गोदाम में पुडिया भरने का काम करती हैं। रविवार को गोदाम में बैठने और पुडिया भरने को लेकर उनका पड़ोस के महेश कोरी से विवाद हुआ था। यह विवाद शांत हो गया था, लेकिन महेश के मन में रंजिश बनी हुई थी। सोमवार सुबह जब रेखा अपने घर से गोदाम की ओर जा रही थीं, तभी कैसर खां के अड्डे के पास महेश ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार रेखा के गले और पीठ पर लगे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर गिर गईं। दिनदहाड़े हुई इस घटना को देखकर राहगीरों ने तत्काल कार्रवाई की।


महिला का उपचार करते चिकित्सक।

उन्होंने हमलावर महेश को मौके पर ही पकड़ लिया और उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर विपिन कुमार और जितेंद्र बहादुर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद रेखा की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी और इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से पूछताछ की।इंस्पेक्टर ने बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश के कारण किया गया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रिक्शा व तांगा की टक्कर में एक घायल

**कायमगंज।** कंपिल रोड पर शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान के पास सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। ईंट लदे तांगे और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य सवारियां सुरक्षित रहीं।

जानकारी के अनुसार, एक तांगा ईंट लादकर जा रहा था। इसी दौरान कंपिल की ओर से कायमगंज आ रहा एक ई-रिक्शा उससे टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पर सवार कुलदीप पुत्र कप्तान सिंह, निवासी ग्राम जिजपुरा, थाना कायमगंज, गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कुलदीप को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# डॉ. लोहिया के विचारों की नींव पर खड़ा है पीडीए आंदोलन : चंद्रपाल सिंह यादव

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आज महान समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं फर्रुखाबाद के पूर्व सांसद डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मौजूद नेताओं एवं पदाधिकारियों ने पहले डॉ. लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर, कार्यालय सभागार में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्षचंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोहिया सामाजिक समरसता एवं सामाजिक न्याय के प्रतीक थे, वो सदैव सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई वो भेदभाव एवं सामाजिक हिंसा के खिलाफ रहे, स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ भारतीय लोकतंत्र में भी मजबूत विपक्ष की भूमिका में रहे। उनके मजबूत विचारों की नीव पर ही आज पीडीए आंदोलन खड़ा है।


डॉ .राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर मौजूद सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह व अन्य।

प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जिला सचिव शिव शंकर शर्मा, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी अनुराग यादव, राष्ट्रीय सचिव सयुस जितेंद्र यादव, आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, समेत कई लोग मौजूद रहे।

**आयोजन**

डीएम एसपी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 58 शिकायतें, चार निस्तारित

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम में अधिकारियों ने आम जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान डीएम एसपी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


अमृतपुर तहसील में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिनेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कुल 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से 21, पुलिस विभाग से 13, विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग से 5, खाद्य एवं रसद विभाग से 2 तथा अन्य विभागों से 10 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में कई गंभीर मामले भी सामने आए। आशा देवी पत्नी अवधेश सिंह निवासी ग्राम गंज फतेहगढ़ ने आरोप लगाया कि दबंग भू-माफियाओं द्वारा उनकी पट्टे की कृषि भूमि में खड़ी गेहूं की फसल को जबरन जोतकर कब्जा कर लिया गया है।

वहीं पवन पुत्र बृजपाल सिंह निवासी आसमपुर ने लेखपाल पर कई बार कहने के बावजूद विरासत दर्ज न करने का आरोप लगाया। इसी क्रम में परवीन बेगम पत्नी शमशाद खान ने मेडबंदी आदेश के बावजूद पुनः खेत जोतने की शिकायत दर्ज कराई। नंदकिशोर पुत्र छोटेलाल निवासी नगला हूसा ने अत्यधिक बिजली बिल आने की समस्या बताई, जबकि अनमोल पुत्र बृजनंदन निवासी सलेमपुर ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत की।माया देवी पत्नी स्वर्गीय जगन्नाथ निवासी मंझा की मढ़ैया, आसमपुर ने किसान सम्मान निधि बंद होने की समस्या उठाई, जबकि जय किशन पुत्र बृज बिहारी निवासी हरसिंहपुर गहलवार ने विद्यालय में लापरवाही के चलते छात्र का हाथ टूटने का गंभीर आरोप लगाया जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# संकिसा के विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा : सुशील शाक्य

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा के विकास के लिए जिंदा रहने तक प्रयास करते रहेंगे,यह बात नवभारत सभा भवन में तथागत सामाजिक समिति के सौजन्य से आयोजित शाक्य मौर्य कुशवाहा एवं सैनी समाज के सम्मेलन में अमृतपुर से विधायक सुशील शाक्य ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे ज्यादा मुस्लिम समाज के लोग ले रहे हैं। हमारे समाज में कोई भी जागरूकता नहीं है। समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास होना चाहिए। कहा कि भगवान बौद्ध सन 2800 से पहले हुए थे उन्होंने समाज के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों को दिशा देने का कार्य किया। हमारे समाज में सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महान राजा हुए। धीरे-धीरे राजाओं का अस्तित्व समाप्त होता गया।


विधायक को सम्मानित करते।

जिलाध्यक्ष शिव कुमार शाक्य, महामंत्री रामवीर शाक्य, आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। सम्मेलन में समाज के लोगों के साथ-साथ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026
औरैया-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### युवक की मालगाड़ी से कटकर मौत

**दिबियापुर, औरैया।** फफूंद थाना क्षेत्र के जैतापुर डेरा निवासी एक युवक देहरादून मजदूरी करने जा रहा था। तभी फफूंद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 के सामने डीएफसी लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। बताया जा रहा है वह मोबाइल फोन से बात कर रहा था तभी मालगाड़ी आ गई। फफूंद थाना क्षेत्र के जैतापुर डेरा गांव निवासी दशरथ (33 वर्ष) मजदूरी करने के लिए देहरादून जा रहे थे तभी डीएफसी लाइन पर कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आकर रविवार की रात 9 :00 बजे उनकी मौत हो गई। कस्बा इंचार्ज अरविंद अग्रवाल ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास से मिले मोबाइल से उसके घर सूचना दी गई।

### स्पोर्ट्स एकेडमी में समर्पित द्विवेदी का हुआ चयन

**जालौन।** नगर के डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के कक्षा चार के छात्र समर्पित द्विवेदी का चयन देश की प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एकेडमी केके शर्मा वत्स स्पोर्ट्स एकेडमी आगरा में हुआ है। बीसीसीआई लेवल टू कोच किशोर कुमार शर्मा रणजी टीम के भी कोच रहे हैं। आगरा स्थित उनकी अकादमी युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट के लिए तैयार करने के लिए जानी जाती है। उनकी अकादमी से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी ध्रुव जुरेल, अंडर 19 इंडिया क्रिकेट टीम के सदस्य अभिज्ञान कुंडू, पूर्व आईपीएल खिलाड़ी केके उपाध्याय, आईपीएल खिलाड़ी धीरज कुमार निकले हैं।

### 100 मेधावियों को कराया जाएगा शैक्षिक भ्रमण

**औरैया।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में व जिलाधिकारी के निर्देशन पर जिला विज्ञान क्लब औरैया द्वारा आज मंगलवार को कक्षा 9 से 12 कक्षा के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह ने बताया कि जिला विज्ञान क्लब अध्यक्ष डीएम औरैया, उपाध्यक्ष सीडीओ औरैया व सचिव डीआईओएस के निर्देशन में शैक्षिक भृमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 106 मेधावी विद्यार्थियों को कानपुर में औद्योगिक संस्थानों एवं पद्म श्री प्रोफेसर एच सी वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित वैज्ञानिक प्रयोगशाला का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षा सोपान आश्रम नानकारी आईआईटी कानपुर व ई स्पिन नैनोटेक प्राइवेट लिमिटेड कानपुर टूर ले जाया जा रहा है। मंगलवार सुबह बस एरवाकटरा व सभी कस्बो से होते हुए ककोर पहुंचेगी।

# युवक का शव फंदे पर लटका मिला

## अछल्दा के गांव वंशी में हुई घटना, घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव वंशी में सोमवार सुबह एक युवक का शव कमरे के अंदर पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव वंशी निवासी रामजी राजावत (20) पुत्र शिव प्रताप राजावत सोमवार सुबह रोज की तरह टहलने के लिए घर से बाहर नहीं निकले। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर उनकी मां को संदेह हुआ। जब उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। युवक का शव पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। यह देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे और घर में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि रामजी


जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- युवक का शव पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था

की शादी आगामी 26 अप्रैल को तय थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में इस अचानक हुई घटना से परिवार ही नहीं, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हल्का इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। वहीं रामजी का छोटा भाई घनश्याम राजावत (18) और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने पंचनामा कराने से इंकार कर दिया है। उन्होंने लिखित रूप से दिया है कि युवक ने स्वयं फांसी लगाई है और उन्हें किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहिए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या ,पुलिस कर रही जांच

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के धनवाली गांव में सोमवार तड़के एक 16 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, मृतका रजनी पुत्री उजियारेलाल ने सोमवार तड़के करीब तीन बजे घर के अंदर अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर में ही सो रहे थे। सुबह जब मृतका की भाभी खुशी की नींद खुली, तो उसने रजनी को फांसी के फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखकर वह घबरा गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। शोर सुनकर अन्य परिजन भी जाग गए और मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पीआरबी टीम और कुदरकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए चिचौली स्थित मोर्चरी भेज दिया। बताया जा रहा है कि किशोरी एक युवक से फोन पर बातचीत करती थी। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई, तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए उसका मोबाइल फोन अपने पास रख लिया और उसे डांटा-फटकारा। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी और पिछले कुछ समय से गुमसुम व तनाव में थी। हालांकि, परिजन उसके इस कदम का अंदाजा नहीं लगा सके। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कन्या पूजन कर मनाया नवरात्र का पांचवां दिन

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर कस्बा सराय बाजार में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नवरात्र के पांचवें दिन कस्बे के पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल व उनकी पत्नी संगीता पोरवाल ने अपने आवास पर विधि-विधान के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने छोटी-छोटी कन्याओं को आमंत्रित कर उनके चरण धोकर विधिवत पूजन किया और उन्हें माता स्वरूप मानकर आदर-सम्मान के साथ भोजन कराया। पूजन के दौरान मंत्रोच्चारण और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल ने बताया कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी सेवा और सम्मान करना भारतीय संस्कृति की परंपरा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के


कन्या भोज कराते पूर्व चेयरमैन।

- छोटी छोटी कन्याओं के चरण धोकर विधिवत पूजन किया

धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का संचार होता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी कन्याओं का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# सभागार में युवा उद्यमियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में आयोजित होने वाले मेलों की कड़ी में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में निवेश से नया विश्वास थीम पर युवाओं पर आधारित मेले का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त, कानपुर मंडल कानपुर के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद में उद्यम स्थापना की अपार संभावनाएं हैं जिसमें गेल अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित प्लास्टिक दानों के कारण यहां पर उत्तर प्रदेश के अलावा भी अन्य प्रदेशों के निवेशक रुचि दिखा रहे हैं क्योंकि यहां पर उन्हें कम लागत पर प्लास्टिक दाना उपलब्ध हो सकता है। जबकि उन्हें अपने उत्पाद के लिए दूर राज्यों से अधिक व्यय पर प्लास्टिक दाना खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में

- शासन के 09 वर्ष पूर्ण होने पर निवेश से नया विश्वास थीम पर कार्यक्रम हुआ आयोजित
- सीएम युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शासन ने संचालित की एक जनपद एक व्यंजन योजना


बच्चों को प्रमाण पत्र देते मंडल आयुक्त। अमृत विचार

इसके अलावा भी एक जनपद एक उत्पाद के तहत यहां के प्रसिद्ध घी एवं बालूशाही को बनाने संबंधी उद्यम की स्थापना कर युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। शासन द्वारा एक जनपद एक व्यंजन योजना लागू कर जनपद के पारंपरिक व्यंजनों को उद्यम से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वृहद संयंत्र स्थापित हैं जिसके द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहे हैं।

उक्त के अतिरिक्त जनपद में उद्यम स्थापना हेतु प्लास्टिक सिटी निर्मित है जिसमें वर्तमान में 06 संयंत्र क्रियाशील है तथा 300 प्लाटों में से लगभग 150 से अधिक प्लाटों को उद्यमियों को आवंटित किया जा चुका है। उक्त के अतिरिक्त जनपद में उद्यम स्थापना हेतु मिहौली में लगभग 300 हेक्टेयर जमीन यूपीसीडा को उपलब्ध कराई गई है।

कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त ने सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत यूपीकान संस्था द्वारा प्रशिक्षित युवा आयुष कुमार, सौरभ सिंह, अनिल, रजत सहित निवेश कर्ता गोविंद यादव, मंगलेश सिंह, विशाल पाण्डेय तथा प्रशांत शुक्ला को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेला के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक वेतन पर चयनित शिवम कुमार, शौरबी, नितिन सिंह, आयुष सिंह, उदित दीक्षित, अर्चना देवी, मयंक सक्सेना तथा विशाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और प्रांतीय रक्षा दल के स्वयंसेवकों के 07 आश्रितों को प्रारंभिक प्रशिक्षण के उपरांत नियुक्ति/ प्रमाण पत्र एवं 02 महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल किट वितरित की गई।

# पेंशन को आयकर से मुक्त रखने की मांग

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** सुरेंद्र कुमार पांडेय जिलाध्यक्ष सेवा निवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय सूरजपुर बिधूना पर कार्यकारिणी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया जो अनवरत जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा भारत के प्रधानमंत्री के समक्ष याचिका दायर की जाएगी तथा 21 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण पर धरना प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

इस अवसर पर जगदीश चंद्र दुबे पूर्व प्रधानाचार्य, रामस्वरूप शाक्य पूर्व जिला अध्यक्ष लेखपाल संघ, गंगा नारायण शाक्य उपाध्यक्ष, हरगोविंद सिंह गुप्ता जिला मंत्री, अखिलेश चंद्र दुबे पूर्व मंत्री जिला कार्यकारिणी शिक्षक संघ, नरेंद्र


बैठक कर चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

सिंह कुशवाह जिला उपाध्यक्ष, राधे श्याम शाक्य पूर्व प्रधानाचार्य, एसके चौधरी संप्रेक्षक आदि तमाम कार्यकारिणी के सदस्य बैठक में मौजूद रहे । ज्ञापन में पेंशन में तिथि के आधार पर विभेद को हटाकर पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाया जाए।

पेंशन माननीय उच्चतम न्यायालय के पूर्ण पीठ के निर्णयानुसार लंबी सेवा अवधि का लम्बित वेतन को नॉन-कंट्रीब्यूटरी अनफण्डेड नहीं माना जाए और ओपीएस बहाल किया जाए। पेंशनरों के राशिकरण को 10 वर्ष पर बंद कर दिया जाए। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन की वृद्धि की जाए। पेंशन को आयकर से मुक्त रखा जाए। कोरोना काल के 18 महीने का डीए एरियर का भुगतान किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए। आयुष्मान भारत में कैशलेस उपचार कराने की सीमा 10 लाख किया जाए। महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल वेतन/पेंशन में मर्ज किया जाए आदि मांगों को शामिल किया गया है।

# विमल दुबे भाजपा जिला मंत्री नियुक्त

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि यहां के निवासी विमल दुबे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली, समर्थकों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल बन गया।

यह घोषणा 22 मार्च को भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी की सूची जारी होने के साथ हुई। पार्टी नेतृत्व द्वारा विमल दुबे को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

विमल दुबे लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी लगातार रही है। उनकी इस नियुक्ति को उनके कार्यों और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम माना जा रहा है।


नव नियुक्त जिला मंत्री का स्वागत करते जिला अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### धीरज बने भाजपा जिला मंत्री

**जालौन।** धीरज बाथम को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी इकाई में जिला मंत्री मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी होते ही उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए मिठाई खिलाई। धीरज बाथम ने भारतीय जनता पार्टी में अपना सफर युवा मोर्चा से प्रारंभ किया और 2002 में आगरा सम्मेलन में प्रतिभाग किया उनकी प्रतिभा को देखते हुए 2004 में तत्कालीन भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल मित्तल ने उन्हें अपना महामंत्री बनाया अपनी राजनीतिक कुशलता को दिखाते हुए इन्होंने तत्कालीन बसपा के गढ मोहल्ला हरीपुरा से शिवराम जाटव को सभासद बनाकर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया।


धीरज बाथम।

### वैष्णों का दरबार है मां आनंदी देवी मंदिर कालपी धाम

**कालपी जालौन।** महान धार्मिक नगर कालपी धाम में वैसे तो अनेक ऐतिहासिक पौराणिक धार्मिक स्थल हैं। उन्हीं में से एक है श्री आनंदी देवी मंदिर। नगर के मोहल्ला राम चबूतरा मिर्जा मंडी और भट्टीपुरा तिराहे पर विराजी मां लक्ष्मी स्वरूपा मां आनंदी के दाएं मां सरस्वती और बाईं ओर मां काली विराजमान है, जिसके चलते इस दरबार को वैष्णो देवी दरबार की मान्यता प्राप्त है। यह दरबार यूं ही प्रसिद्ध नहीं पाए हैं बल्कि इसके कई चमत्कारी किस्से बताए जाते हैं। व्यक्ति कितना भी निराश हो दुखी हो चिंता ग्रस्त हो अगर वह मां आनंदी देवी के दरबार में आंख बंद करके मां का ध्यान भर कर ले तो ऐसा चमत्कार होता है कि व्यक्ति की हर बाधा को मां पल भर में हर लेती हैं और याचक का मन प्रसन्न और आनंदित हो जाता है। यहां प्रतिदिन भारी संख्या में माताएं बहने व पुरुष नियमित दर्शन के लिए आते हैं। नवरात्रि में मां का नौ दिनों तक विशेष श्रृंगार, आरती, भजन, कीर्तन व पूजन होता है। सुंदर भवन में विराजी मां के सेवक उन पर अटूट श्रद्धा विश्वास रखते हैं और मां आनंदी भी अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं।


श्री आनंदी देवी मंदिर अमृत विचार

# ध्रुव की कथा सुन भक्त भाव विभोर

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबरपुर रोड़ फफूंद में दुर्गा देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य अर्पण द्विवेदी महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन सुनाया

इस दौरान कस्बे के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला ने कथा वाचक आचार्य को फूलों की माला व अंग वस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद आचार्य ने विधिवत कथा का वर्णन सुनाया।

प्राचीन भारतीय साहित्य में वर्णित ध्रुव चरित्र आज भी दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास का श्रेष्ठ उदाहरण माना जाता है। कस्बे में दुर्गा देवी मंदिर पर चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य अर्पण द्विवेदी ने ध्रुव कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। आचार्य


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

ने बताया कि राजा उत्तानपाद के छोटे पुत्र ध्रुव को सौतेली माता सुरुचि के अपमानजनक वचनों ने गहराई से आहत किया। दुखी ध्रुव ने संकल्प लिया कि वे ऐसा स्थान प्राप्त करेंगे जो किसी भी सांसारिक ऐश्वर्य से ऊपर और स्थायी हो। इसी दृढ़ निश्चय के साथ वे बाल्यावस्था में ही वन में तपस्या के लिए निकल पड़े। ऋषि नारद के मार्गदर्शन में ध्रुव ने कठोर साधना की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**फफूंद, औरैया।** क्षेत्र के ग्राम भाग्यनगर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चल रही भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं गया भोज की सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया ।यात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई और पूरे ग्राम का भृमण करते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में सबसे आगे परीक्षित रामदर्शनी देवी एवं भारत सिंह पाल सिर पर पोथी रख कर चल रहे थे ।इसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस

फरियादियों ने अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण की शिकायतें दर्ज कराईं

# तहसील सभागार में17 शिकायतों में 3 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल व सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी मौजूद रहे। समाधान दिवस में 17 शिकायतें पंजीकृत हुईं। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में आये फरियादियों ने अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण की शिकायतें दर्ज करायी। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग 7, गृह विभाग 5,


लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

पूर्ति विभाग 2 ,विकास विभाग 1, नगर पालिका परिषद 1, कृषि विभाग 1 समेत 17 शिकायतें पंजीकृत हुई। पंजीकृत शिकायतों में राजस्व विभाग 2 व पूर्ति विभाग की 1 शिकायत समेत तीन शिकायतों का निस्तारण एसडीएम हेमंत पटेल व सी ओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी के नेतृत्व में किया गया। शेष 14 शिकायतों को सम्बन्धित विभाग को सौंप दिया गया है और एक सप्ताह में शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके तहसीलदार अमित शेखर, बी डी ओ अरुण कुमार , आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि व रामनवमी को लेकर रहें सतर्क : सीओ

**जालौन।** लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करें। महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लें और उनका तत्काल निस्तारण करें। नवरात्र और रामनवमी पर्व को लेकर सतर्कता रखें। यह निर्देश सीओ ने कोतवाली में अर्दली रूम करते हुए अधीनस्थों को दिए। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने जालौन कोतवाली का अर्दली रूम किया। सबसे पहले उन्होंने दस्तावेजों के रख रखाव को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में सफाई व्यवस्था पर संतुष्ट दिखे। अधीनस्थों से विवेचनाओं के बारे में पूछने पर बाताया गया कि जालौन कोतवाली में 82 विवेचनाएं लंबित हैं। जिस पर सीओ ने लंबित विवेचनाओं को गुण दोष के आधार पर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि थाने और कोतवाली में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामले आने पर उनका गंभीरता से तत्काल निस्तारण कराएं। आगामी नवरात्र, रामनवमी पर्व को लेकर कहा कि बीट प्रभारी क्षेत्रीय लोगों के साथ संपर्क बनाकर रखें। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है तो तत्काल उसके खिलाफ कार्रवाई करें। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी नजर बनाकर रखें। नवरात्र के पर्व पर मंदिरों के आसपास सतर्कता से ड्यूटी को अंजाम दें। इस मौके पर कोतवाल हरीशंकर चंद, एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा, एसआई निसार अहमद, सुरेश कुमार, राजेश वशिष्ठ, शिवम सिंह सेंगर आदि रहे।

### युवक व परिजनों पर हमला

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक और उसके परिजनों को भारी पड़ गया। दबंगों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा । कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव कठगोर निवासी गौरव कुमार शनिवार की सुबह खेत की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव में सत्यराम जाटव के घर के सामने पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही सुशील कुमार उर्फ सोनी, विमल कुमार उर्फ अंकित, शिवम उर्फ गुड्डन, अर्जुन उर्फ करन, शिवम यादव, शिवकुमार, राकेश कुमार और अरविंद कुमार ने उसे चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने गौरव कुमार को मां-बहन की भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। जब गौरव ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्होंने हमला बोल दिया।

# अछल्दा में फाटक पर एक घण्टा लगा जाम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** सोमवार को कस्बे में साप्ताहिक बाजार और नवरात्रि के चलते दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग स्थित फाटक पर सुबह से दोपहर तक लंबा जाम लग गया। भारी भीड़ के कारण वाहनों की कतारें दूर-दूर तक फैल गईं, जिससे आमजन को काफी परेशानी हुई। जाम सुबह करीब 10:25 बजे रेलवे फाटक पर लगना शुरू हुआ। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती गई और लगभग 11:10 बजे तक जाम हरीगंज बाजार की ओर और दूसरी तरफ नहर बाजार तक फैल गया। दोपहर करीब 2:26 बजे तक फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग चुकी थीं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस


जाम में फंसी एंबुलेंस।

जाम में एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही, जिससे स्थिति की गंभीरता स्पष्ट होती है। मौके पर मौजूद आरपीएफ के सतेंद्र पाल ने जाम खुलवाने के लिए प्रयास किए और यातायात को धीरे-धीरे सुचारू कराया। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि जाम खुलवाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।

न्यूज ब्रीफ

### वांछित आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**कुलपहाड़।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले में अपराध की रोकथाम के लिए आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में सोमवार को कुलपहाड़ पुलिस टीम ने एक वांछित को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास तिवारी, हेड कांस्टेबिल चन्द्रजीत, कांस्टेबिल विक्की चौधरी की गठित टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे के वांछित अभियुक्त रोशन (28) पुत्र बाबूलाल अनुरागी निवासी ग्राम मोहनपुरा थाना मटौंध जनपद बांदा को रेलवे स्टेशन जैतपुर बेलाताल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा।

### बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने लगाई प्रदर्शनी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 मार्च से शहर के कम्युनिटी गार्डन में किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के विषय में पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता व कृषि विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभाग के विभिन्न योजनाओं व उनसे किस प्रकार का लाभ प्राप्त किया जा सकता है, के बारे में अवगत कराया गया। इसी क्रम में सोमवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में प्रदर्शनी लगाई गई।

कम्यूनिटी हाल में आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकत्रियों को ईवसीसीई किट वितरण, मातृ वंदन योजना का लाभ एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी शुभम सुल्लेरे, सुपरवाइजर सुमन चौरसिया, प्रातिभा पाठक, नीलू गुप्ता सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता रहीं।

### सरस्वती पब्लिक स्कूल में हुआ कैंप

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के सरस्वती पब्लिक स्कूल में सोमवार को एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया है। इस कैम्प में इन बच्चों ने कमांडो ब्रिज, वैली क्रॉसिंग, जिग जैड वाक, लांग ब्रिज, टायर वाल, रसियन वाल सहित अन्य गतिविधियों में भाग लिया है। इसका उद्देश्य बच्चों को नये-नये कौशल सीखना और सहनशीलता की भावना को विकसित करना है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख वीणा पाण्डेय, सरस्वती पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष शिवकुमार पाण्डेय, स्कूल के प्रशासक डॉ. नरेन्द्र सिंह गौतम, कार्यालय प्रमुख रवींद्र सिंह राठौर सहित स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

### करणी सेना का किया गया विस्तार

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बारह खम्बा कार्यालय में राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह परिहार के नेतृत्व में संगठन विस्तार को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत करणी सेवा संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह परिहार ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। योगेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष, शिवेंद्र प्रताप सिंह को जिला प्रवक्ता, मयंक सिंह को जिला संगठन मंत्री तथा कृष्ण कुमार सिंह, कृष्ण सिंह व प्रदीप कुमार सिंह को अहम जिम्मेदारियां दी गईं।

# गोली मारकर पुत्र की हत्या पिता को किया लहूलुहान

## खरेला थाना क्षेत्र के चंदौली गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता कार्यालय, महोबा



घटना स्थल का निरीक्षण करती एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खरेला थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जबकि बचाने गए पिता को कुल्हाड़ी, फरसे से हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हत्याकांड पुरानी रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चंदौली गांव निवासी मंगल सिंह (60) का पुत्र नरेंद्र का गांव के ही संतोष से पिछले साल होली पर्व के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते दोनों एक दूसरे से रंजिश मानते थे। इसी बात को लेकर सोमवार को संतोष ने नरेंद्र को फोन कर गांव के बाहर बनी एक पंचर की दुकान पर साजिश के तहत बुलाया और उसके आते ही संतोष और उसके साथियों ने लाठी-डंडों नरेंद्र

**● गांव के बाहर बुलाकर पुत्र और पिता पर बोला हमला**

के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुत्र के साथ मारपीट की सूचना मिलते ही पिता मंगल सिंह मौके पर पहुंचे और अपने बेटे को लहूलुहान देख उसे बचाने के लिए हमलावरों से भिड़ गए। इस बीच हमलावरों ने गोली मारकर नरेंद्र की हत्या कर दी। हमलावरों ने मंगल सिंह को भी कुल्हाड़ी और फरसे से हमलाकर अधमरा करते हुए मौके से फरार हो गए। घायल मंगल सिंह को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और चार थानों की पुलिस फोर्स गांव में तैनात कर दी गई है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रहे हैं। इधर हत्या के बाद से गांव में तनाव और भय का माहौल है।

# निषाद जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

संवाददाता महोबा/बेलाताल



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में महाराज रामसखा गृहराज निषाद की जयंती कश्यप समाज के तत्वावधान में सामाजिक एकता के रूप में सोमवार को उत्साह से मनाई गई। जयंती में कश्यप समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महोबा और बेलाताल में जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में भारी भीड़ जुटी साथ ही जुलूस में घोड़े और ऊंठ आगे आगे चल रहे थे।

शोभायात्रा राजकीय मकुंदलाल इंटर कालेज तिवारी के सामने से प्रारम्भ हुई, जो सुभाष चौकी, ऊदल चौक, आल्हा चौक से होते हुए मुख्य बाजार से निकलने के बाद पुनः कालेज के सामने समाप्त हुई। शोभायात्रा दौरान समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। तमाम लोग सिर पर पीली पगड़ी बांधे हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में गिरजा शंकर रैकवार, महेश निषाद, संतोष कुमार धुरिया, सोनी रैकवार, मलिक रैकवार, काली चरण रैकवार, देशराज रैकवार, घनश्याम धुरिया सहित तमाम समाज के लोग शामिल रहे। बेलाताल प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे के रघुनाथ मंदिर से गृहराज निषाद की जयंती का जुलूस निकाला गया, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर श्रीनगर तिराहा तक गया। जुलूस में महिलाओं व पुरुषों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। युवा युवतियां डीजे की धुन पर कर थिरके। भारी संख्या में अश्व नृत्य करते चल रहे थे, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा कि महाराजा गृहराज निषाद भगवान श्रीराम भक्त थे।

### वंदे मातरम् गीत मन में देश भक्ति की भावना उत्पन्न करता

**महोबा।** विश्व हिन्दू महासंघ ने वंदे मातरम् गीत की 151वीं वर्षगांठ और अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरू के 95वें शहादत दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बलिदानियों को याद करते हुए शहर के एक चौराहा का नाम वंदे मातरम् चौक रखे जाने को लेकर महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अनुज तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शुक्ला, प्रवीण त्रिपाठी, विपुल प्रताप सिंह, घनश्याम, दीपक वर्मा हरनारायण आदि लोग मौजूद रहे।



अतिरिक्त एसडीए को ज्ञापन सौंपते महासंघ के पदाधिकारी। अमृत विचार



मेधावी विद्यार्थी को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

# एनसीसी जनता के बीच खाई को पाटने का काम करता

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारियों ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा से अवगत कराते हुए छात्र छात्राओं को साथ लेकर शिविर स्थलों की ओर रवाना हुए। कार्यक्रम दौरान अतिथियों ने अपने विचारों से स्वयं सेवक सेविकाओं को प्रेरित किया।

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य समाजसेवी अतिथि शिव कुमार गोस्वामी व विशिष्ट अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीके





कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि व मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**● वीरभूमि महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ**

खरे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्र जीवन की घटना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1962 में छात्र के रूप में एनसीसी का पहला कैंप किया था तो बहुत खुशी हुई थी साथ ही शिक्षकों की भूमिका, शिक्षक शब्द का विस्तार से अर्थ समझाते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोपरि सेवा है। मेरी तरफ से सभी छात्र छात्राओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं और सभी स्वयंसेवी जीवन में अपने शिक्षकों के बताएं मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका अदा करेंगे।

कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्लोगन में नहीं बल्कि आप पर प्रकाश डालकर समाज सेवा, स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां, सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करने, शिक्षित अशिक्षित जनता के बीच की खाई को पाटने के उद्देश्य से कार्य करती हैं। राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या, साक्षरता, जैसे विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक जागरूकता पैदा करता है।एनएसएस की 11 इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की और चारों इकाइयों के स्वयंसेवक छात्र छात्राएं एवं कार्यक्रम अधिकारी अपने अपने शिविर स्थलों की ओर कूच कर गए। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. एसएस. राजपूत, डॉ. सोवित कुमार गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. अनवर आलम, डॉ. राम बिहारी, डॉ.केसी वर्मा, शैलेश कुमार मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में मेधावियों को मेडल देकर किया सम्मानित

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले के दो अलग-अलग जूनियर विद्यालयों में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

विकासखंड कबरई के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिजहरी के बच्चों ने गीत संगीत के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव के मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाराम वर्मा ने बच्चों को मेडल और शील्ड देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को नाश्ते और मिठाई का भी इंतजाम किया गया। कार्यक्रम दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय के बच्चों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरुरत है इन्हें मंच प्रदान करने की। इस मौके पर अपर्णा नायक, अरुणा दुबे, सत्येंद्र सिंह, शिक्षक उपस्थित रहे। घनश्याम और अवधेश कुमार अनुदेशक ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ब्रजकिशोर मिश्रा ने किया।

विकासखंड जैतपुर के कम्पोजिट विद्यालय नगाराडांग में आयोजित



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा।

वार्षिकोत्सव के मौके पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन कराया। कार्यक्रम दौरान बच्चों ने राधा कृष्ण की लीला सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और मेहनत से सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन सुगिरा में पदस्थ शिक्षक अंकित द्विवेदी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद पाठक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

# भाजपा की जिला कार्य समिति का गठन, मोहनलाल बने जिलाध्यक्ष

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर जिले की नवीन जिला कार्य समिति का गठन किया गया। इस समिति की घोषित किए जाने पर समस्त कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है और सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया गया। जिला कार्य समिति में जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा को नामित किया गया, जबकि आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री व अन्य पदों के लिए नाम घोषित किए गए।

**● मयंक तिवारी जिला उपाध्यक्ष और अमित शर्मा बने महामंत्री**

प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन पर जिला कार्य समिति में जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, हरनारायण यादव, रविंद्र कुमार महेंद्र, योगेश मिश्रा, महेंद्र राजपूत, आकाशदीप सिंह, नीतू श्रीवास्तव, पंकज तिवारी को बनाया गया। इसी प्रकार अमित शर्मा, जयपाल सिंह, श्री प्रकाश वर्मा को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला मंत्री पद के लिए दीपाली तिवारी, श्रीराम पाल, हुकुम सिंह, कालीचरण रैकवार, नीरज द्विवेदी, रोशनी वर्मा, रेखा तिवारी, आकाश कुशवाहा नामित किया गया। भाजपा की नई जिला कार्य समिति में नीरज गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रामकरन मिश्रा को सह कोषाध्यक्ष, सत्सेंद्र प्रताप गुप्ता को मीडिया प्रभारी, नरेंद्र कुशवाहा सह मीडिया प्रभारी बनाए गए। संतोष गुप्ता जिला कार्यालय मंत्री, जागेश्वर चौरसिया सह कार्यालय मंत्री, सुनील सिंह सेंगर संयोजक आई विभाग, मिथुन खरे सह संयोजक आई विभाग, आकाश मिश्रा संयोजन सोशल मीडिया, राजू गुप्ता सह सोशल मीडिया बनाए गए। जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा व अन्य भाजपाइयों ने नव नियुक्त सभी जिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं सेवा भाव का प्रतीक है।

# समाधान दिवस: 55 में से 3 शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जहां पर एडीएम एसपी व अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील चरखारी से कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष शिकायतों को निस्तारण कि लिए संबन्धित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, क्योंकि इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए।

नवरात्रि

भक्त लौकिक सांसारिक बंधनों से विमुक्त होकर माता के स्वरूप में रहे लीन

# पांचवें दिन भक्तों ने की स्कंद माता की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन भक्तों ने मां दुर्गा के प्रेम और ममता का स्वरूप स्कंद माता की आराधना की। भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर संतान प्राप्ति की मनोकामना कर आपके बच्चों की लम्बी आयु के साथ घर में सुख शांति बनाए रखने की प्रार्थना की गई। भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता के नाम से जाना जाता है। सोमवार को देवी भक्तों का मन समस्त लौकिक, सांसारिक, मायिक बंधनों से विमुक्त होकर पद्मासना मां स्कंद माता के स्वरूप में पूरी तरह लीन रहा।

सोमवार को भक्तों ने सुबह उठते ही सबसे पहले स्नान कर



देवी मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

स्वच्छ वस्त्र धारण किए और हाथों में पूजा की थाल लेकर मंदिरों में पहुंचकर स्कंद माता को गंगाजल चढ़ाया। मां के श्रृंगार के लिए शुभ रंगों का इस्तेमाल करते हुए स्कंद माता की पूजा विनम्रता और श्रद्धा भाव के साथ शुरु की। कुमकुम, अक्षत, पुष्प, फल आदि माता को चढ़ाते हुए चंदन लगाया और माता के सामने घी का दीपक जलाने के बाद फूल चढ़ाएं व भोग लगाकर मां की आरती की गई। आरती के बाद पांच कन्याओं को केले का प्रसाद बांटा गया, जिससे स्कंद माता प्रसन्न होकर संतान पर आने वाले सभी संकटों का निवारण कर सके। सुहागिनों ने माता की पूजा करने के उपरांत लाल कपड़े में लाल फूल, पीले चावल, एक नारियल और सुहाग का सामान बांधकर माता की गोद में रखा, जिससे उन्हें संतान प्राप्ति के साथ मोक्ष, ज्ञान भी प्राप्ति हो सके। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि शुरू होते ही शहर सहित ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों मे सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लग रहा है, जिससे शहर का वातावरण भक्ति मय नजर आ रहा है। नवरात्रि के प्रत्येक दिन आदि शक्ति जगत जननी मां जगदम्बे के 9 स्वरूपों की भोर होते ही भक्त देवी मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर माथा टेक कर मन्नते मान रहे हैं। वहीं देवी मंदिरों में हवन पूजन के साथ पुरोहित दुर्गा सप्तशती का पाठ भी कर रहे है, जिसे सुनने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ महिलाओं की उमड़ रही है।

# खेत में बन रहे बिजली के पिलरों के काम को किसानों ने रुकवाया

संवाददाता बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** थुरट गांव में बिजली विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइन के लिए बनाए गए पिलर से किसानों की भूमि बर्बाद हो रही है। विभाग इसका मुआवजा नहीं दे रहा है, जिससे किसानों ने खेतों में बनाए जा रहे पिलर के कार्य को रुकवा दिया है साथ ही पिलर मानक के अनुरूप नहीं बनाए जा रहे हैं। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से कर जांच कराए जाने की मांग की है।

विकासखंड जैतपुर के ग्राम पंचायत थुरट में हाईटेंशन लाइन बिछाने के लिए किसानों के खेतों में सीमेंट, बालू, गिट्टी और सरिया से पिलर बनाए जा रहे हैं। 15-15 फीट चौड़े और ऊंचे पिलर बनाए जा रहे

**● एसडीएम कार्यालय पहुंचकर किसानों ने किया प्रदर्शन**



निर्माणाधीन पिलर। अमृत विचार

है, जिसमें मानक के अनुरूप सरिया, सीमेंट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। किसान वेदप्रकाश अवस्थी ने बताया कि खेतों के बीचो बीच चौड़े चौड़े खंभे बनने से उनकी आधा बीघा जोत भूमि खराब हो गई है। इसी तरह तमाम किसानों की कृषि भूमि पर बड़े बड़े खंभे बनाने से उनके खेत बर्बाद हो रहे हैं, इसके बाद भी अधिकारी कोई मुआवजा नहीं दे रहे हैं, इससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है। किसानों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने पूर्व में कृषि भूमि का मुआवजा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो माह बाद भी खंभे बनने से बर्बाद हुई जमीन का मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने पिलर निर्माण का काम बंद करा दिया। विभाग ने शीघ्र ही एक सप्ताह के अंद मुआवजा राशि देने पर ही काम शुरू कराने की बता कही है, लेकिन ठेकेदार ने रात को गिट्टी डलाकर पिलर भरा दिया। किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने लगाई फांसी

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खंडेहा गांव में रविवार देर शाम एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 40 वर्षीय तारकेश ने अपने घर की छत के कुंडे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह एवं चौकी इंचार्ज राहुल पांडेय पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। मृतक की पत्नी एकता घर से बाहर गई हुई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत चार बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादरगंज गांव में बीती शाम 32 वर्षीय शिव सरोज पुत्र बाबू ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन बाहर थे। लौटने पर युवक को फंदे पर लटका देख तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिव सरोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं।

### मंदाकिनी नदी में फ्लोटिंग बैरियर का काम पूरा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** मंदाकिनी नदी में अमावस्या एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्वों पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए डूबने की संभावित घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि योजना के अंतर्गत 26.20 लाख रुपये की लागत से मंदाकिनी नदी में फ्लोटिंग बैरियर की स्थापना का काम पूरा कराया गया है। इस फ्लोटिंग बैरियर के माध्यम से स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित सीमा के भीतर बनाए रखने में सहायता मिलेगीजिससे गहरे जल में जाने की आशंका कम होगी तथा डूबने जैसी दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकेगी।

### मंदाकिनी नदी पर पुल निर्माण में तेजी लाएं

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। एडीएम ने कहा कि जिन सड़कों पर अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं, उनका मौके पर संयुक्त रूप से निरीक्षण करके रोड सेफ्टी के कार्य कराए जाएं। कर्वी मंदाकिनी नदी में पुल के निर्माण कार्य को तेजी से कराया जाए। रोड सेफ्टी के नियमों के पालन के बारे में अधिक से अधिक जन जागरूकता के कार्यक्रम कराए जाएं। पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने बताया कि एक से 15 अप्रैल तक विद्यालयों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमदअधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्गलोक निर्माण विभाग आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शोकसभा

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल के सदस्य विजय पाल सिंह यादव की मां के निधन पर सोमवार को कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में शोकसभा की गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# पत्थर उतारने के दौरान हादसा, दो घायल

## पर्यटन अधिकारी ने दिया संवेदनहीनता का परिचय, आकांक्षी ब्लाक में तालाब का हो रहा सुंदरीकरण

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में तालाब के सुंदरीकरण के दौरान पत्थर उतारते समय एक श्रमिक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रामनगर के कुंवरदो तालाब का उप्र पर्यटन विभाग द्वारा सुंदरीकरण कराया जा रहा है। कार्यस्थल का नाम रामनगर झील दिया गया है। हालांकि इसे कुंवरदो तालाब के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि सुंदरीकरण के लिए राजस्थान से लाल रंग के पत्थर मंगाए गए थे। इनको सोमवार को उतारते समय भारी पत्थर संतुलन बिगड़ने से दो लोगों पर गिर गया। वहां मौजूद लोगों के अनुसार, घायलों में एक श्रमिक पिंटू (22) और दूसरा घायल ट्रक चालक शिवराम (43) है। पत्थर गिरने से घायल युवकों की आवाज सुनकर आसपास के दूसरे मजदूर और स्थानीय लोग दौड़कर वहां पहुंचे और दोनों को पत्थर के नीचे से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए। पिंटू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।




घायल पिंटू व शिवराम।

- रामनगर के कुंवरदो तालाब में हुआ हादसा



साथी का हाल जानने पहुंचे अन्य श्रमिक और परिवारीजन। अमृत विचार



इसी पत्थर के गिरने से घायल हुए युवक।

### तालाब का लगभग साढ़े तीन करोड़ से होना है सुंदरीकरण

गौरतलब है कि मौके पर लगे शिलापट में कार्य का नाम ईको पार्क एवं वोटिंग फेसिलिटी दिया गया है और संबंधित विभाग का नाम उप्र पर्यटन विभाग दिया गया है। इसकी ठेकेदार कंपनी डीएस इंफ्रा प्रोमोटर्स प्रा. लिमिटेड बांदा है। कार्य की लागत 3.56 करोड़ प्लस जीएसटी है। इसके प्रारंभ होने की तिथि 16 मार्च 24 बताई गई है।




तालाब के पास लगा शिलापट।



तालाब जिसका होना है सुंदरीकरण।

### लोगों ने जताया जमकर आक्रोश

इस घटना से घायलों के परिवारों और स्थानीय लोगों में पर्यटन विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया। इनका कहना था कि निर्माण स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। मजदूरों को न तो कैप दस्ताने एवं आवश्यक उपकरण दिए गए हैं और न स्थान पर प्राथमिक चिकित्सा की कोई व्यवस्था की गई है। रामनगर प्रधान कामता प्रसाद ने सवाल उठाया कि ऐसे विशाल पत्थरों को क्रेन से क्यों नहीं उतारा जा रहा।

### पर्यटन अधिकारी ने तो झाड़ लिया पल्ला

इस काम से संबंधित विभाग का नाम उप्र पर्यटन विभाग है। जब इस हादसे के संबंध में जिला पर्यटन अधिकारी आरके रावत से पूछा गया तो उनका जवाब गैरजिम्मेदाराना और संवेदनहीन था। उन्होंने कहा कि मामले की कोई जानकारी नहीं है। रामनगर में सुंदरीकरण का काम कार्यदायी संस्था करा रही है, वही जानें। उधर, मौके पर ठेकेदार कंपनी का कोई प्रतिनिधि न होने से यह पता नहीं चल सका कि घायल कंपनी के तहत काम कर रहा था या नहीं।

# लेखपालों की त्रुटियों पर डीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

- समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। लेखपालों द्वारा नाम संशोधन में की जा रही गलतियों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

इस दौरान चकरोड नाली निर्माण अवैध अतिक्रमण और राजस्व से संबंधित विभिन्न शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति और नाम संशोधन में लेखपालों द्वारा की जा रही प्रक्रियात्मक त्रुटियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नाम संशोधन की प्रक्रिया ऑनलाइन है।लेखपालों द्वारा हस्तलिखित संशोधन अमान्य हैं। उन्होंने अंश निर्धारण संबंधी प्रकरणों को तहसील स्तर पर ही सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत बनने वाली सड़कों का निरीक्षण करें। फसल कटाई के तत्काल बाद कार्य प्रारंभ करने तथा कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संदिग्ध प्रमाण पत्रों पर रोक लगाते हुए केवल पात्र व्यक्तियों के ही प्रमाण पत्र नियमानुसार बनाए जाएं। अपात्रों के पक्ष में कार्य करने वाले संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के स्पेशल क्लोज की बढ़ती प्रवृत्ति एवं नेगेटिव फीडबैक पर चिंता जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर फोटोहस्ताक्षर और दो गवाहों के बयान दर्ज किए जाएं कि निस्तारण की विश्वसनीयता बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी प्रकरणों को शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सर्वोच्च वरीयता देते हुए तत्काल निस्तारित किया जाए। इस दौरान 93 में से आठ प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। कर्वी में सैंतीस में चारमानिकपुर में बाईस में एक का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

### 31 मार्च को खुलेगा बैंक और कोषागार

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने बताया कि 31 मार्च को महावीर जयंती होने से सार्वजनिक अवकाश है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है जिससे इस दिन अत्यधिक लेनदेन होना स्वाभाविक है। ऐसे में बैंक शाखाओं तथा कोषागारों को खोला जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने आदेशित किया कि राजकीय धनराशि का आदान-प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंकशाखा-कर्वीकोषागार चित्रकूट एवं एनआईसी 31 मार्च मध्यरात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे।



तहसील मऊ का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने तहसील मऊ का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को तहसील मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तीन सबसे पुरानी फाइलों को देखा और निर्देश दिए कि धारा 24 से संबंधित वादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। पुरानी फाइलों पर अनावश्यक तारीखें न लगाई जाएं। इनका निस्तारण जल्द से जल्द कराएं। कोर्ट की पत्रावलियों पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि सुनवाई टलने का कारण अधिवक्ता हैं या वादकारी। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि तहसील में हड़ताल के दौरान भी सुनवाई प्रक्रिया बाधित नहीं होनी चाहिए। परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने इसे नगर पंचायत मद से तत्काल जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। बाद में डीएम ने चौराहे से महिला पुल तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटाकर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी आरआर रमन आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पति को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले मे दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मृतका के पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बांदा जिले के बबेरू थाने के तरायां गांव के निवासी राजेश कुमार ने 30 जून 2020 को पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी को शादी के लगभग तीन साल बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर दामाद अर्जुन यादव ने मार डाला था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। सोमवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी अर्जुन यादव को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। साथ ही आठ हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।



मुस्लिम भाइयों को बधाई देते समाजसेवी रजत द्विवेदी। अमृत विचार

### गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है भाईचारा : रजत

**मऊ चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में आपसी भाईचारे और सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। युवा समाजसेवी रजत द्विवेदी ने नगर स्थित रामलीला मैदान में ईद मिलन पार्टी का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए एकता और सद्भाव का संदेश दिया। इस दौरान रजत द्विवेदी ने कहा कि मुस्लिम भाई रोजा रखकर समाज और देश की खुशहाली के लिए दुआ करते हैं जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आपसी प्रेमसहयोग और भाईचारा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे आयोजन समाज में एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुमताज़ अहमदमोफीस पठानशादाब गनीबहादुर शेखमो. जफर रज्जाकसाहिलसमाजसेवी अनूप द्विवेदीमोहित दुबेसुधांशु द्विवेदीविकास द्विवेदीप्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105–09/2025–26 दिनांक : 23.03.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या–1553/68–5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024–25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तों के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।

विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड– http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
रायबरेली


### अधिकारियों ने किया जेल का मुआयना

**चित्रकूट।** राजेंद्र प्रसाद भारतीमुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व विदिशा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड ने सोमवार को किशोर अपचारी जेल में निरुद्ध न हों। इस संबंध में जिला कारागार का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बच्चा बैरक का निरीक्षण किया। संबंधित रजिस्टर भी देखा। पाया गया कि कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बंदी जिला कारागार में निरुद्ध नहीं है। कारागार की स्वीकृत क्षमता 770 बंदियों की हैवर्तमान में 477 बंदी निरुद्ध पाए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बंदियों की समस्याओं की जानकारी ली।

# चक मार्ग पर कब्जा करने से 40 परिवारों की आवाजाही प्रभावित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- लोग वर्षों से लगा रहे गुहार, जिम्मेदारों को चिंता नहीं

**अमृत विचार।** राजापुर तहसील क्षेत्र के भभेंट गांव में ग्रामीणों ने दबंगई के चलते सार्वजनिक चक मार्ग पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि इससे लगभग 40 परिवारों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

ग्रामीणों लवलेश कुमार रज्जू और रामू आदि ने बताया कि उनकी निजी जमीन के पास से एकमात्र चक मार्ग निकलता है, जो गांव के दर्जनों परिवारों के लिए आने जाने का एकमात्र मार्ग है। आरोप लगाया कि गांव के दबंगों ने इस रास्ते पर अतिक्रमण कर उसे जोतकर अपने खेत में मिला लिया है,जिससे लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चों मजदूरों और किसानों की रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पीड़ितों का आरोप है कि वर्ष 2023 से लगातार तहसील दिवस जिलाधिकारी कार्यालय और मुख्यमंत्री पोर्टल तक गुहार लगाई जा रही है,लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने प्रधान सचिव और लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत रिपोर्ट लगाकर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है,जिससे वास्तविक स्थिति प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही है।

ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी से मांग की कि चक मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाए और गलत आख्या प्रस्तुत करने वाले संबंधित लेखपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### आंबेडकर पार्क की जमीन को मुक्त कराएं

**चित्रकूट।** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि चित्रकूट जनपद की ग्राम पंचायतों में आंबेडकर पार्क के लिए संरक्षित जमीनों को भू-माफियाओं से मुक्त कराया जाए। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने बताया कि इन जमीनों को आंबेडकर पार्क के लिए संरक्षित किया गया था। लेकिन लोगों ने कब्जा कर लिया।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1630319 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रार्थी दानिश पुत्र ऐजाज अहमद नवीन नगर बिल्हौर कानपुर नगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231412986 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 अनुक्रमांक 2256183180 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **प्रार्थी ज्योति पुत्री बृजमोहन ग्राम पोस्ट लुघपुरा बिधूना जनपद औरैया**


अनदेखी

सड़क की कमी, गंदगी की समस्या से जूझ रहे गांववाले

# पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत बरद्वारा में समस्याएं ही समस्याएं

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरद्वारा की मुख्य सड़क आज विकास नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बनी है। सड़क पर हर कदम फैला कीचड़, गहरे गड्ढों में भरा पानी और बदबू मारती गंदगी ने गांव को संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने की स्थितियां बना दी है।

गांव के लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत बरद्वारा में गर्मी में भी बरसात की तरह सड़क कम, दलदल ज्यादा नजर आते हैं। पैदल चलना जोखिम भरा हो चुका है, दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और स्कूली बच्चों व बुजुर्गों का निकलना किसी चुनौती से कम नहीं। गांव में आयेदिन लोग गिरकर चोटहिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। ग्रामीण ने कहा कि इस समस्या का निदान नहीं होता है तो मजबूर होकर तहसील ब्लाक में आंदोलन किया जा सकता है। इसलिये प्रशासन से अनुरोध है कि जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाये।



यह हाल है गांव की सड़क का। अमृत विचार

### सिर्फ हस्ताक्षर बनाने आता है सफाईकर्मी : कुलदीप



गांव के कुलदीप सिंह का कहना है कि यह सड़क ग्राम पंचायत की मुख्य जीवन रेखा है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। इसके बाद भी न तो नाली निर्माण कराया गया, न सड़क की मरम्मत और सफाई कराई गई। सफाईकर्मी प्रधान के घर में जाकर हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाकर चला जाता है।

### धन का बंदरबांट चालाकी से किया जा रहा : गणेश दत्त



समाजसेवी गणेश दत्त मिश्रा का कहना है कि गांव का विकास नहीं हुआ है और गांव समस्याओं से जूझ रहा है। गांव के विकास लिए दिए गए धन का बंदरबाट बड़ी चालाकी से किया जा रहा है और गांव की दुर्दशा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कई बार अधिकारियों को लिखित पत्र भी भेजा पर कुछ नहीं हुआ।

### बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका : बालकृष्ण



बालकृष्ण विश्वकर्मा ने कहा कि बरसात खत्म हुए कई महीने बीत गए लेकिन हालात जस के तस हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि सड़क से पशुओं का आवागमन, कीचड़ और पानी का जमाव और बीमारियों एवं गर्मी में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप महामारी को न्योता दे रहा है। गंदगी से सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने की आशंका है।


सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए
आज ही मिलें...



डॉ. शुक्ला
गुप्त रोग क्लीनिक
9889975347
समय – 09:00 बजे से रात 08:00 बजे
रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक
केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं0-2 के सामने, कानपुर

